## एक नजर में

### शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुधवार सुबह जिलेबासियों को ठंड से कुछ राहत मिली है लेकिन लेकिन शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह से आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी निजात मिली।**

इससे पहले रविवार और सोमवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा और दोपहर में बादल छाए रहे। मंगलवार को भी सुबह 9 बजे तक घना कोहरा रहा जिसके बाद तेज धूप निकली। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर 25 डिग्री दर्ज किया गया जबकि रात का न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा लेकिन शीतलहर चलने का अनुमान है। इसके चलते दिन और रात के तापमान में गिरावट आ सकती है। दिन का तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.02 डिग्री था। तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री रहा। तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.02 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# जलग्रहण प्रबंधन के संचालक रहे जिले के प्रवास पर

**धन-धान्य एवं वॉटरशेड योजना की समीक्षा में हुए शामिल**

**पीजी कॉलेज के पुस्तकालय का किया अबलोकन**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ। संचालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल अवि प्रसाद बुधवार जिले के प्रवास पर रहे। प्रवास के दौरान अवि प्रसाद द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि धन धान्य योजना एवं वाटरशेड योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वाटरशेड योजना से कराए गए क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन कार्य की सराहना की गई। इसके साथ उन्होनें कलेक्टर विवेक कुमार श्रोत्रिय के साथ पीजी कॉलेज ताल कोठी पहुंच कर वहां के पुस्तकालय भवन का बारीकी से अबलोकन किया। यहां निरीक्षण कर उन्होनें कहां कि पुस्तकालय की किताबे काफी पुरानी है इनका रख-रखाव करना अत्यंत आवश्यक है।**

समीक्षा बैठक उपरांत परियोजना क्रमांक-एक की माईक्रोवाटरशेड समिति पूनौल खास अंतर्गत क्लस्टर मोड में ली गई सब्जी उत्पादन कार्य एवं निर्मित नेटशेड नर्सरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सब्जी उत्पादन हेतु चयनित कृषकों से चर्चा की। माईक्रो वाटरशेड समिति रानीगंज अंतर्गत वाटरशेड योजना से कराये गये। वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा संचालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल अवि प्रसाद बुधवार को कलेक्टर विवेक कुमार श्रोत्रिय के साथ पीजी कॉलेज ताल कोठी पहुंच कर वहां के पुस्तकालय भवन का बारीकी से अबलोकन किया। यहां निरीक्षण कर उन्होनें कहां कि पुस्तकालय की किताबे काफी पुरानी है इनका रख-रखाव करना अत्यंत आवश्यक है।

संचालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल अवि प्रसाद बुधवार जिले के प्रवास पर रहे। प्रवास के दौरान अवि प्रसाद द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि धन धान्य योजना एवं वाटरशेड योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वाटरशेड योजना से कराए गए क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन कार्य की सराहना की गई। इसके साथ उन्होनें कलेक्टर विवेक कुमार श्रोत्रिय के साथ पीजी कॉलेज ताल कोठी पहुंच कर वहां के पुस्तकालय भवन का बारीकी से अबलोकन किया। इसके साथ ही उन्होनें यहां की कई प्रचीन ईमारतों का भ्रमण कर अधिकारियों को इनके रख-रखाव के आवश्यक दिशा निर्देश दिए । वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल अवि प्रसाद बुधवार को कलेक्टर विवेक कुमार के साथ पीजी कॉलेज ताल कोठी पहुंच कर वहां के पुस्तकालय भवन का बारीकी से अबलोकन किया।

### उपभोक्ता दिवस पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नगर में उत्सव भवन में समारोह पूर्वक राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, विशिष्ट अतिथि संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर एसएस तोमर तथा डॉ. श्रीमती प्रीति सिंह परमार एवं उपभोक्ता फोरम सदस्य एवं नशीम सिद्दकी एफएलसी लीड बैंक विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण से किया गया।

## कृषि महाविद्यालय में छात्रों के बीच मारपीट



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि महाविद्यालय में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। कुंडेश्वर रोड स्थित कॉलेज के बाहर सड़क पर हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दो दर्जन से अधिक छात्र एक-दूसरे से मारपीट करते दिख रहे हैं। ये सभी छात्र कृषि महाविद्यालय के फर्स्ट ईयर के बताए जा रहे हैं।**

जानकारी के अनुसारए कृषि महाविद्यालय के हॉस्टल में फर्स्ट ईयर के छात्र रहते हैं। मंगलवार शाम किसी बात को लेकर छात्रों के बीच विवाद शुरू हुआ जो जल्द ही बढ़ गया। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज के बाहर सड़क पर आकर एक-दूसरे से मारपीट करने लगे। यह मारपीट काफी देर तक चलती रही। इस मामले में अभी तक किसी भी छात्र की ओर से कोतवाली थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। वहींए कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. डीएस तोमर ने छात्रों की इस हरकत को अनुशासनहीनता बताया है। उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में बुधवार को एक बैठक बुलाई । जिसमें प्रोफेसर, हॉस्टल इंचार्ज और संबंधित छात्रों को भी बुलाया गया था। पूछताछ के बाद कॉलेज प्रबंधन आगे की कार्यवाही करेगा।कृषि महाविद्यालय में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। कुंडेश्वर रोड स्थित कॉलेज के बाहर सड़क पर हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दो दर्जन से अधिक छात्र एक-दूसरे से मारपीट करते दिख रहे हैं। ये सभी छात्र कृषि महाविद्यालय के फर्स्ट ईयर के बताए जा रहे हैं। इस मामले में जांच चल रही हैं।

# क्रिसमस डे को लेकर दिख रहा स्कूली बच्चों में खासा उत्साह



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मसीही समाज का प्रमुख त्योहार क्रिसमस डे आज गुरूवार को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। जानकारी के अनुसार चर्च में प्रार्थना सभाएं होगी। इस दौरान बाईबल वाचन भी होगा।**

बताया कि प्रभु का वाचन चर्च पास्टर द्वारा दिया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य द्वारा प्रार्थनाएं एवं बाइबल वाचन होगा। तत्पश्चात घरों में प्रार्थना का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। दरअसल क्रिसमस वैसे तो ईसाई धर्म का प्रमुख त्योहार है, लेकिन सभी धर्मों में आस्था के चलते अब हर धर्म के लोग इसे खूब उत्साह के साथ मनाने लगे हैं। गुरूवार को शहर में क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया जाएगा।

यहां बताया गया कि 25 दिसबंर को जीसस क्राइस्ट यानी यीशु का जन्म हुआ था और उन्हीं के जन्म दिन को क्रिसमस के रूप मनाया जाता है। जीसस क्राइस्ट ने पूरे विश्व को सब तरफ प्यार, विश्वास, शांति का संदेश दिया। इस दिन लोग चर्च जाते हैं, अपने घरों को सुंदर सजाते हैं, क्रिसमस ट्री लगाते हैं, केक काटते हैं। स्कूल में बच्चे परी और सांता क्लॉज बनाकर लाएगे। लाल और सफेद रंग की पोशाक में आने बाले बच्चे स्कूलों में जमकर डांस करेगे। बच्चे इस दिन खूब मस्ती करते नजर आएगे। बच्चों ने केक पेस्ट्री खाकर क्रिसमस डे मनाने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। इस पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## प्रतियोगिता में खेले गए 5 मैच

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में देर शाम तक प्रतियोगिता के दूसरे दिन ढोंगा ग्राउंड पर 5 मैच खेले गये, जिसमें खिलाड़ियों उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया।**

इसीक्रम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच पश्चिम बंगाल और आसाम के मध्य खेल गया, जिसमें पश्चिम बंगाल ने 3 और आसाम ने गोल दागे 3 गोल से पश्चिम बंगाल को विजेता घोषित किया गया।

## आंवला हाईटेक नर्सरी में लगाया गया बच्चों के लिए कैंप



**नवभारत न्यूज, जतारा। मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आम जनमानस में पर्यावरण, पारिस्थितिक तंत्र, और वनो के प्रति चेतना विकसित करने के उद्देश्य से स्कूली विद्यार्थियों के लिए दूसरे और अंतिम अनुभूति कैंप का आयोजन आलपुर आंवला हाईटेक नर्सरी में किया गया।**

अनुभूति कैंप में हम हैं बदलाव मैं भी बाघ थींम के साथ हम हैं धरती के दूत थीम पर आधारित द्वितीय एवं अंतिम अनुभूति कैंप में सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल जतारा और कन्या हाई सेकंडरी स्कूल जतारा के 58,58 कुल 126 स्कूली विद्यार्थियों के साथ साथ स्कूलों के शिक्षक, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, एवं प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ अनुभूति श्रीमती मनीषा बघाड़े प्रसाद शुक्ला, मनोज चोबे और अनुभूति प्रेरक अशोक वर्मा, जयप्रकाश यादव, ओमप्रकाश रैकवार, जालिम प्रजापति उपस्थित रहे ।

## स्मार्ट क्लास में बच्चों को कराया अध्यापन

**नवभारत न्यूज पलेरा। विकासखंड पलेरा अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के पठन पाठन के लिए 13 विद्यालयों में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा स्मार्ट क्लास संचालित है। जिसके माध्यम से बच्चों को अध्यापन कार्य किया जा रहा है।**

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईएल पी पोर्टल पर पंजीकृत असाक्षरों को इन सभी विद्यालयों में तैयार किए गए सामाजिक चेतना केंद्रों में अक्षरपोथी के वीडियो स्मार्ट क्लास में चलाकर पढ़ाया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक साक्षरता पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि विकासखंड अंतर्गत नियमित मॉनिटरिंग के दौरान जनशिक्षा केन्द्र टोरिया के विद्यालय खेरा में स्मार्ट क्लास संचालित थी। जनशिक्षा केंद्र समन्वयक जगनलाल अहिरवार अध्ययन करा रहे थे।

# कथा में मंदिर परिसर भगवान के जयकारों से गूंज उठा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के झिर की बगिया हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा इन दिनों भक्ति के उल्लास से सराबोर है। कथा के दौरान जब भगवान श्रीराम का जन्म प्रसंग आया तो पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के अवतार का स्वागत बढें ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया।**

कथा व्यास खजुहा धाम के महंत रसिकेश्वर दास महाराज ने श्रीराम जन्म के आध्यात्मिक रहस्यों को समझाते हुए कहा कि भगवान का अवतार केवल राक्षसों का संहार करने के लिए नहीं होता। उन्होंने बताया कि भगवान तो केवल एक संकल्प मात्र से ही पूरी सृष्टि का प्रलय कर सकते हैं उनके लिए राक्षसों का अंत करना बहुत सामान्य कार्य है। ईश्वर का वास्तविक उद्देश्य तो अपने प्रिय भक्तों को दर्शन देना उनके साथ लीला करना और उन्हें आनंदित करना होता है। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर का माहौल उत्सव जैसा हो गया। जैसे ही अवध में आनंद भयो जय रघुबर लाल की जैसे भजन शुरू हुए भक्त खुद को रोक नहीं पाए और जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर कलाकारों के गाए गए बधाई गीतों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। महाराज ने श्नवमीश् तिथि का महत्व बताते हुए कहा कि इसका अर्थ शरणागति है जो प्रभु को अत्यंत प्रिय है। मंदिर के महंत रामदास महाराज ने जानकारी दी कि श्रीराम कथा का यह पावन आयोजन 28 दिसंबर तक चलेगा। कथा के साथ-साथ मंदिर में अखंड राम नाम संकीर्तन भी किया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कथा के अंतिम दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

# एसआईआर के संबंध में मीडिया कार्यशाला आयोजित

**कलेक्टर ने निर्वाचक मतदाता सूची की दी जानकारी**

**पुनरीक्षण सर्वे में काटे गए 37101 नाम**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के संबंध में मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, तहसीलदार टीकमगढ़ सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रोत्रिय ने मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर का कार्य जिले में किया गया। बीएलओ द्वारा 2025 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया, घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित किये गये तथा वापिस भी लिये गये।

इस कार्य में राजनैतिक दलों द्वार नियुक्त बीएलए, वॉलेन्टियर, विभिन्न विभागों के सहयोगी कर्मचारियों तथा जिले के जागरूक मतदाताओं ने मिलकर समन्वय के साथ एसआईआर कार्य को बहुत ही अच्छे ढंग से सम्पन्न कराया है, इन सभी को शुभकामनायें एवं बधाई है। पुनरीक्षण कार्य पूर्ण होने के पश्चात आज निर्वाचक मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। श्री श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुये बताया कि 2025 की मतदाता सूची अनुसार जिले में कुल 714056 मतदाता थे। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य के पश्चात प्रारूप मतदाता सूची में जिले के 676955 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। सूची में से 37101 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं जिसमें से 7003 मतदाता ऐसे हैं जिनकी मैपिंग नहीं हुई है, 21979 मतदाता एएसडी विसंगतियों वाले हैं, 21128 बीएलओ द्वारा सत्यापित और कोई परिवर्तन नहीं हैं, 851 बीएलओ द्वारा अप्राप्य के रूप में चिह्नित हैं, 9957 मतदाताओं की मृत्यु हो गई है, 4458 मतदाताओं का पता नहीं मिला या अनुपस्थित हैं, 20436 मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हुये हैं, 2246 मतदाताओं के नाम पहले से दूसरी जगह नामांकित है तथा 4 ऐसे अन्य सदस्य जिन्होंने हस्ताक्षर करने से इनकार किया है। इसके साथ ही 1921 नवीन मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये फार्म 6 जमा किये हैं। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात नवीन मतदान केन्द्रों को भी बढ़ाया गया है।

**कार्यक्रम** | **पूर्व प्रधानमंत्री स्व . अटल बिहारी वाजपेई का किया स्मरण**

# भाजपा ने शताब्दी वर्ष पर चलाया स्वच्छता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अटल पार्क नजरबाग प्रांगण में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की मुख्य उपस्थिति तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में अटल शताब्दी वर्ष पर स्वच्छता कार्यक्रम कर अटल को स्मरण किया गया। साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शाम को भाजपा कार्यालय दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश आवाह्न पर अटल स्मृति वर्ष में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को स्मरण करते हुए युवा मोर्चा द्वारा जिले में जगह-जगह सफाई कार्यक्रम चल रहा है , वहीं आज अटल पार्क नजरबाग प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया, व शाम को दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जायेगा। अटल बिहारी वाजपेई का जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, उन्होंने जो देश हित में अपनी बात बेबाकी से रखी ,उसका सम्मान विपक्ष तक को करना पड़ा । अटल जी संघर्ष की एक मूर्ति थे जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था,बतौर राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी हर मुमकिन ऊंचाई तक पहुंचे, वे प्रधानमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने वाले पहले ग़ैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे ,वह हमारे देश के आदर्शतम व्यक्तित्व थे। वे भारतीय लोकतंत्र के अजातशत्रु थे। संसद में उन्होंने अपने जीवन के पचास साल व्यतीत किए। चार अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों से चुने गए। वह प्रत्येक भारतीय की अंतरात्मा की आवाज बने।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अटल पार्क नजरबाग प्रांगण में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की मुख्य उपस्थिति तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में अटल शताब्दी वर्ष पर स्वच्छता कार्यक्रम कर अटल को स्मरण किया गया। साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शाम को भाजपा कार्यालय दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।

**कार्यक्रम में इनकी रही भागीदारी**

कार्यमक्रम मनोज देवलिया, रोहित खटीक, प्रतेंद्र सिंधई, रीतेश भदौरा, नरेश तिवारी, पुष्पा यादव, संध्या सोनी, आदित्य योगी, पंकज प्रजापति, शोभरन कुशवाहा, चंद्रभान प्रजापति, निर्मल नीरज शर्मा, चीकू यादव, जितेंद्र जैकी यादव, सुनील रैकवार, अंकित तिवारी,अक्षय सिंह परमार, धमेंद्र परमार, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरुरतमंदों को ठंड के लिए बांटे कंबल

**नवभारत न्यूज खरगापुर। संवेदना फाउंडेशन्स द्वारा संचालित संवेदना शीत रक्षक अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ क्षेत्र के समीपवर्ती ग्रामीण इलाकों में निर्धन असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबलों का वितरण किया जा रहा है। यह अभियान टीकमगढ़ क्षेत्र में इंचार्ज प्रशांत रावत के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्वयंसेवकों दिव्यम तिवारी, प्रशांत लखकर, राघवेंद्र विश्वकर्मा, मनीष तिवारी एवं हिमांशु नायक द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।**

दरअसल मानवीय अभियान केवल टीकमगढ़ क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि दिल्ली एनसीआर, विदिशा मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी लगातार संचालित किया जा रहा है। इन सभी स्थानों को मिलाकर अब तक संवेदना फाउंडेशन्स द्वारा 500 से अधिक कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया जा चुका है तथा यह अभियान निरंतर जारी है। संवेदना फाउंडेशन्स, नोएडा स्थित एक गैर-सरकारी संस्था है जो वंचित बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल शिक्षा, महिला स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती श्वेता गुप्ता हैं जो पेशे से इंजीनियर हैं तथा सामाजिक कार्यकर्त है। जिन्होंने समाज सेवा के उद्देश्य से अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था की स्थापना की। संवेदना फाउंडेशन्स का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा एक समावेशी और संवेदनशील समाज का निर्माण करना है। संवेदना फाउंडेशन्स अपने सभी दानदाताओ का आभार मानती है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ऋषि वर्मा पिता सुरेश बर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट मबई, तहसील व जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश ने अपने इस नाम को ऋषि चढ़ार में परिवर्तन कर लिया है अत: आज दिनांक 15 12 2025 से मुझे ऋषि चढ़ार पिता सुरेश कुमार चढ़ार के नाम से जाना, पहचाना, माना, लिखा, पढ़ा, वोला एवं बताया जाए तथा समस्त शैक्षिक अभिलेखो एवं अंक सूचियों में बर्मा के स्थान पर चढ़ार संशोधित किया जावे.

**शपथकर्ता**

**ऋषि चढ़ार पिता सुरेश कुमार चढ़ार**

**ग्राम व पोस्ट मबई, तहसील एवं जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश**